हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार, 27 अप्रैल 2024

11 शिक्षकों को किया प्रमाण पत्र देकर सम्मानित



12 देवीलाल पार्क के साथ अतिक्रमण हटाया



## खबर संक्षेप

### दिनभर बदलता रहा मौसम का मिजाज

**झज्जर।** शुक्रवार को दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा। कभी आसमान में काले बादल तो कभी तेज धूप ने परेशान किया। लेकिन सांय ढलते ही एक बार फिर मौसम ने करवट ली और धूल भरी आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी होने लगी। जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। उधर, मौसम के बदलते मिजाज ने किसानों और आढ़तियों की परेशानियों को बढ़ा दिया। किसानों व आढ़तियों का कहना है कि अगर तेज बारिश होती है तो काफी नुकसान होगा। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।

### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के बुपनिया-दुल्हेड़ा मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। वीरवार रात्रि करीब साढे.ग्यारह बजे हुई इस दुर्घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी सचिन ने बताया कि महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। महिला की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। उसकी स्कूटी का नंबर दिल्ली से संबंधित हैं और महिला की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष की है। फिलहाल शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में शिनाख्त के लिए रखवा दिया है।

### कबूतरबाजी करते चार आरोपी गिफ्तार

**बहादुरगढ़।** सरेआम सार्वजनिक स्थान पर कबूतर बाजी करते हुए सट्टा लगाते चार आरोपियों को पुलिस ने काबू किया। सिटी थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि डेहा बस्ती के निकट चौक पर अमित व आनंद निवासी परनाला, कर्मवीर निवासी लाइनपार और मनीष निवासी नई बस्ती सरेआम कबूतरबाजी करते हुए सट्टा लगा रहे थे। मौके पर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 13 हजार 400 रुपए नगद और पोस्ट बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ थाना शहर बहादुरगढ़ में जुआ अधिनियम के तहत अपराधिक मामले दर्ज किए गए है।



# बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन के नीचे सवारी वाहन हटाते ही खुल गई सड़क

## हरिभूमि में प्रकाशित समाचार का संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस ने काटे 8 सवारी वाहनों के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरिभूमि में शुक्रवार को 'सड़क पर खड़े वाहनों से हो रही अव्यवस्था' शीर्षक से प्रकाशित समाचार का संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस ने सवारी वाहनों पर कार्रवाई की। बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन के नीचे अधिक फोकस किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को यहां खड़ी निजी बसों समेत अन्य सवारी वाहनों के 8 चालान किए गए। इसके साथ ही यहां सड़क पूरी तरह खुली नजर आई। भविष्य में भी नियम तोड़ने वालों को सख्ती बरतने की चेतावनी दी गई। बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन के नीचे और पुराने बस स्टैंड के बाहर सड़क पर खड़ी होने वाली बसों की वजह से जाम लगना आम बात है। इन बसों के चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई की। ट्रैफिक पुलिस द्वारा इस दौरान 8 बसों तथा अन्य सवारी वाहनों के चालान काटे गए। दरअसल, मेट्रो स्टेशन के नीचे सड़क पर बसें और ई-रिक्शा आदि खड़ी रहती हैं। इस वजह से जाम लगा रहता है। इंटरनेट मीडिया पर इसे लेकर नागरिकों ने रोष जाहिर किया। हरिभूमि ने भी प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया।







हरिभूमि इम्पेक्ट

बहादुरगढ़। मेट्रो स्टेशन के नीचे यातायात पुलिस के बाद खुली सड़क, वाहन चालक को चालान थमाते एसआई अमरदीप सिंह। फोटो : हरिभूमि

### एएसपी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

एएसपी अखिल कुमार के पास इसकी शिकायत पहुंची। उन्होंने ट्रैफिक थाना प्रभारी विकास कुमार को कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। ट्रैफिक पुलिस की टीम ने एसआई अमरदीप सिंह के नेतृत्व में सड़क पर खड़ी बसों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

### चालकों को वाहन सड़क पर नहीं खड़ा करने की हिदायत दी गई

विदित है कि बस अड्डा बाइपास पर शिफ्ट होने के बावजूद निजी बसों का संचालन शहर के अंदर से ही हो रहा है। पुराने बस अड्डे के बाहर दिनभर बसें सवारियां चढ़ाने-उतारने के लिए खड़ी रहती है। इससे यहां जाम लगता है। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। शुक्रवार को यातायात पुलिस हरकत में आई और सवारी वाहनों के चालान किए गए। चालकों को वाहन सड़क पर नहीं खड़ा करने की हिदायत दी गई। चेतावनी दी कि दोबारा वाहन खड़ा करने पर एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## खाद्य एवं पूर्ति निरीक्षक ने आढ़ती पर लगाया फोन पर धमकी देने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

निरीक्षक खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक द्वारा सरकारी कर्मचारी के मोबाइल नंबर किसी अंजान व्यक्ति द्वारा बदतमीजी से बात करने व नौकरी से हटवा देने की धमकी देने की शिकायत पुलिस को दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में खाद्य एवं पूर्ति निरीक्षक रंजन यादव ने बताया कि उसे हाल में माजरा-डी खरीद केंद्र का इचांर्ज बनाया गया है। बीते एक अप्रैल से उसके अलावा उप निरीक्षक हरिओम की नियुक्ति माजरा दूबलधन खरीदकेंद्र पर लगाई गई थी। बीती 24 अप्रैल की सायं जब वह अपने साथी हरिओम के साथ सरकारी खरीद से संबंधित दस्तावेज तैयार करने में व्यस्त था तो इस दौरान किसी अंजान व्यक्ति का फोन आया और वह तू-तड़ाक से बात करने लगा। जब उन्होंने उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम जयभगवान बंसल बताते हुए कहा कि उसकी बंसल ट्रेडिंग कंपनी के नाम से आढ़त है। फिर उसने कहा कि मेरे बेटे की आढ़त पर गेहूं उठान के गाड़ी देने से क्यों इंकार किया जिसके जवाब में जब उसने नियमानुसार गाड़ी प्रदान करने की बात कही तो उसने धमकी देते हुए नौकरी करना सिखाने की धमकी दी। पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

- अंजान व्यक्ति का फोन आया और वह तू-तड़ाक से बात करने लगा
- निरीक्षक खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक ने धमकी देने की शिकायत पुलिस को दी
- पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू की

# खरीद प्रक्रिया की पहली खेप की सरसों के बैगों का नहीं हुआ उठान

## कैसे हो पाएगा समय पर भुगतान, तेज आंधी व बूंदाबांदी ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

अनाजमंडी में हो रही निरंतर आवक व उठान की धीमी गति के चलते आढ़तियों व किसानों को परेशानी आ रही है। यदि किसी को बताया जाए कि अनाजमंडी में शुरू हुई खरीद प्रक्रिया के दौरान खरीदी की गई पहली खेप की सरसों का उठान अभी तक नहीं हुआ है तो कोई भी हैरत में पड़ जाएगा, लेकिन यह सच है। दुकान नंबर एक के आढ़ती प्रदीप जाखड़ ने बताया कि उनके यहां पहली खेप के दौरान मार्केट सोसायटी द्वारा खरीदी गई सरसों के 50 किलोग्राम की क्षमता वाले 500 बैगों का उठान अभी तक नहीं हुआ। वे संबंधित अधिकारियों व ट्रांसपोटर्स को भी अवगत करा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। अधिक दिनों तक रखे बैगों का वजन भी धीरे-धीरे कम हो रहा है। ऐसे में 72 घंटों के अंदर किसान की फसल का भुगतान कैसे हो पाएगा जब किसान की फसल को गोदाम तक ही नहीं पहुंचाया जा रहा।

- उठान की धीमी गति के चलते आढ़तियों व किसानों को परेशानी





झज्जर। रात के समय उठान व पैकिंग कार्य में जुटे श्रमिक व हल्की बूंदाबांदी के बीच गेहूं को तिरपाल से ढकते हुए श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

### किसान झगड़ा करने पर उतारू हो जाते

किसान अपनी फसल का भुगतान न होने के कारण उनके साथ झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि उसके बाद खरीद एजेंसियों द्वारा पैकिंग बैग 45 किलोग्राम का कर दिया था जिसका उठान हो रहा है। इसके अलावा गेहूं की बंपर आवक के चलते उनके करीब चार हजार बैग तैयार हैं जो खुले में रखे हुए हैं। समय पर उठान न होने व शुक्रवार आई बूंदाबांदी के बाद नाली का पानी उनकी फसल में सीलन पहुंचा रहा है। आढ़तियों का कहना है कि वे श्रमिकों की सहायता से रात-दिन पैकिंग करा रहे हैं लेकिन समय पर उठान नहीं होने के कारण किसानों की पेमेंट में परेशानी आ रही है।

### ट्रक ऑपरेटर्स की हड़ताल के कारण भी बाधित हुआ उठान कार्य

वीरवार को अनाजमंडी में आढ़ती द्वारा गाड़ी चालक के साथ मारपीट किए जाने के मामले को लेकर शुक्रवार को ट्रक चालक हड़ताल पर चले गए। दिनभर जो गाड़ियां जिस स्थान पर थीं वे वहीं की वहीं खड़ी हो गई। बाद में ठेकेदार द्वारा पुलिस को शिकायत की गई तो आढ़तियों व ट्रक यूनियन पदाधिकारियों ने मीटिंग कर अपना मन-मुटाव दूर किया। भाईचारा ट्रक ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन झज्जर के प्रधान मंगल गुलिया ने बताया कि इसके बाद दोनों पक्षों में सहमति होने के बाद शाम करीब पांच बजे कार्य शुरू हो पाया। इससे पहले उनकी यूनियन की करीब 150 गाड़ियां, ढाकला, झज्जर रेल हैड, तलाव गोदाम आदि स्थानों पर खड़ी रहीं। उन्होंने बताया कि श्रमिकों की कमी के कारण गोदामों में मॉल समय से नहीं उतारा जा रहा जिससे अनाजमंडी में भी उठान कार्य प्रभावित हो रहा है। पहले जहां तलाव गोदाम में उनके 17 प्वाइंट चलते थे वहीं अब यह संख्या 5 से 7 तक सिमट गई है।

### तेज आंधी व बूंदाबांदी से बाधित रहा उठान

शुक्रवार को आई तेज आंधी व हल्की बूंदाबांदी के दौरान जहां श्रमिकों द्वारा अनाजमंडी परिसर में खुले में रखी अनाज की ढेरियों को तिरपाल की सहायता से ढका गया वहीं आंधी व बूंदाबांदी रुकने पश्चात फिर से पैकिंग कार्य में जुटे दिखाई दिए। ऐसे में पैकिंग कार्य में बाधा में आई।

## केएमपी पर सड़क हादसे में कंबाइन पर सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दुल्हेड़ा से गेहूं कटाई के बाद पलवल लौट रही कंबाइन को केएमपी बादली के निकट एक पिकअप ने टक्कर मार दी। इसमें कंबाइन पर सवार गजेंद्र निवासी पलवल की मौत हो गई। जबकि उसका पुत्र विकास गंभीर रूप से घायल हो गया।

दुल्हेड़ा निवासी राकेश ने अपने 8 एकड़ गेहूं की फसल कटवाने के लिए पलवल निवासी रिश्तेदार गजेंद्र की कंबाइन मंगवाई थी। वीरवार को गजेंद्र, उसके बेटे विकास और युद्धवीर कंबाइन लेकर दुल्हेड़ा पहुंच गए। देर रात कटाई खत्म करके तीनों वापिस लौट रहे थे। राकेश अपनी ईको गाड़ी लेकर उनके पीछे चल रहा था। जब वे रात करीब 2 बजे केएमपी पर बादली टोल के निकट पहुंचे तो एक तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद गजेंद्र नीचे गिर गया। पिकअप चालक अपनी गाड़ी को छोड़ कर भाग गया। एंबुलेंस की मदद घायलों को नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ लाया गया। जहां डॉक्टर ने गजेंद्र को मृत घोषित कर दिया तथा विकास को ज्यादा चोट लगने के कारण पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 279, 337 व 304-अ के तहत अज्ञात आरोपी चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## नप ने मेट्रो पिल्लरों से हटवाए पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लोकसभा चुनाव की आदर्श संहिता लागू होने के बाद भी शहर में लगातार राजनीतिक पोस्टर आदि प्रचार सामग्री से दीवारें अटी पड़ी हैं। इस क्रम में शुक्रवार को नगर परिषद की टीम द्वारा दिल्ली रोहतक रोड पर मेट्रो पिल्लरों पर लगे बैनर-पोस्टर हटाने की कार्रवाई की गई। नप के सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा ने बताया कि शहर के कई हिस्सों में सड़कों पर लगे राजनीतिक बैनर पोस्टर हटाए गए हैं।



बहादुरगढ़। मेट्रो पिल्लरों से पोस्टर हटाते नप कर्मचारी।

### छात्र ने साथी को हमला कर किया जख्मी

**बहादुरगढ़।** शहर के नजफगढ़ रोड पर चल रहे एक शिक्षण संस्थान में एक छात्र ने दूसरे छात्र पर हमला कर दिया। पुलिस ने घायल छात्र की शिकायत पर तीन दिन बाद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मेहंदीपुर डाबोदा निवासी प्रवीण ने बताया कि वह नजफगढ़ रोड पर स्थित एक सेंटर में जीएनएम का कोर्स करता है। मंगलवार को वह अपनी कक्षा में पढ़ रहा था। उसकी क्लॉस के लड़के हर्ष ने अचानक पीटना शुरू कर दिया। सिर में चोट लगने पर उसे बेहोश होने के बाद नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से उसे पीजीआई रेफर किया गया।

## बारात में आई गाड़ी का शीशा तोड़ दो लाख व जेवर चुराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

तीन दिन पहले गांव डाबोदा खुर्द में हुए विवाह के दौरान अज्ञात चोर ने बारात में आई गाड़ी का शीशा तोड़कर उसमें रखी नकदी और आभूषण चुरा लिए। पीड़ित पक्ष के अनुसार चोर कार में से 2 लाख रुपए के अलावा कान के बाले और चांदी का ब्रेसलेट लेकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव डाबोदा खुर्द निवासी दीपक मलिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन वर्षा का 23 अप्रैल को अभिनव के साथ विवाह हुआ। मंगलवार रात को बागपत से बारात गांव डाबोदा खुर्द के आंनद फार्म में आई थी। जब बारात वापिस जाने लगी तो अभिनव के परिवार ने देखा कि उनकी गाडी का कंडक्टर साइड का शीशा टूटा हुआ था। इतना ही नहीं गाड़ी में रखे 2 लाख रुपए नकद और शादी की रसम में दिए हुए माताजी के कान के बाले और अभिनव का चांदी का ब्रेसलेट नहीं मिला। दोनों परिवारों के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस को वारदात की सूचना दी गई। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 379 के तहत अभियोग अंकित किया है।

**धर्मकर्म**

### रॉयल ग्रीन कॉउंटी के एमडी यशांक वासन और वरुण मखीजा ने की राम परिवार की पूजा

# रॉयल ग्रीन काउंटी में हुआ संगीतमय सुंदरकांड पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के बादली-गुरुग्राम रोड पर सेक्टर-40 में स्थित रॉयल ग्रीन काउंटी में शुक्रवार को भक्तिभाव से परिपूर्ण श्री सुंदरकांड का पाठ करवाया गया। हनुमंत कृपा पात्र रसराज महाराज ने अपनी मधुर वाणी से सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया। पाठ प्रारम्भ करने से पूर्व भव्य पंडाल में श्री राम दरबार सजाया गया। भगवान श्रीराम और हनुमान जी का तिलक कर दीप जगाया गया। इसके बाद संगीतमय श्री सुंदरकांड का मनोहारी पाठ किया गया।

पंडित रसराज महाराज ने सुंदरकांड का पाठ करते हुए बताया कि इससे भगवान राम और भगवान हनुमान की असीम कृपा प्राप्त होती है। जो नित्य नियम से सुंदरकांड का पाठ करते हैं, उन्हें मनोवांछित फल भी मिलता है और सभी विघ्न बाधाएं भी दूर होती हैं। हनुमानजी की पथ पर चलने वालों को कभी कोई संकट नही आता है।



बहादुरगढ़। सुंदरकांड पाठ के दौरान राम परिवार की पूजा करते एमडी यशांक और वरुण मखीजा।

### समाज में शांति की कामना के साथ करवाया गया

रॉयल ग्रीन काउंटी के एमडी यशांक वासन और वरुण मखीजा ने बताया कि सुंदरकांड का पाठ रॉयल ग्रीन काउंटी के पहले फेज की सफलता और समाज में शांति की कामना के साथ करवाया गया है। उन्होंने कहा कि काउंटी का सेकेंड फेज भी लोगों के लिए अब उपलब्ध है। रॉयल ग्रीन काउंटी में लोगों को 24 घंटे सुरक्षा और हरियाली के साथ शॉपिंग सैंटर, कम्युनिटी सेंटर, पार्क, झूले, ओपन जिम, स्वीमिंग पूल व रैस्टोरेंट के साथ तमाम आधुनिक सुविधाएं दी जाएंगी। यशांक वासन ने कहा कि सुंदरकांड का पाठ करने से मन को शांति मिलती है। सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। पाठ के उपरांत सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर स्ट्रैटिजिक एंड बिजनेस डेवलपमेंट एडवाइजर अनुपम वार्ष्णेय, क्वालिटी हेड श्याम सिंह, चैनल पार्टनर अजय गुलिया, डॉ महेंद्र, कपिल कुच्छल, डॉ संदीप, वीरेंद्र राणा विजेंद्र, परविंद्र, अमरजीत और सेल्स टीम से नितिन, आदित्य, सौरभ और बलराम आदि मौजूद रहे।

## साइबर फ्रॉड के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के अलग-अलग खातों में हेरा फेरी किए गए 3 लाख 78 हजार रुपए भी पुलिस ने फ्रिज करवा दिए हैं। यूपी के मऊ निवासी अश्वनी कुमार और वा रा ण सी निवासी आर्यन को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया

साइबर थाना प्रभारी अजय मलिक ने बताया कि एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले के पास 31 मार्च को टेलीग्राम आईडी पर एक लड़की का मैसेज आया था। लड़की ने बताया कि उनकी कंपनी ऑनलाइन बिडिंग करती है। उसके कहने पर शिकायतकर्ता ने टेलीग्राम की साइट पर रजिस्ट्रेशन कर लिया। इसके बाद उसे एक ग्रुप से जोड़ दिया गया। शिकायतकर्ता को इस साइट पर इलेक्ट्रॉनिक प्रॉडक्ट की बोली लगाने के लिए कहा गया। जिसमें एक प्रोडक्ट का प्रॉफिट 107 रुपए दिखाया गया। शिकायतकर्ता ने अलग-अलग प्रॉडक्ट की बोली लगाकर सबमिट किया। कुल 40 प्रॉडक्ट पर बोली लगाने का प्रॉफिट अलग-अलग था। शिकायतकर्ता को विश्वास दिलाने के लिए उसका प्रॉफिट 2125 रुपए शिकायतकर्ता के खाते में भेज दिए। साइबर ठग ने इसके बाद शिकायतकर्ता को और ऑनलाइन प्रॉडक्ट की बोली लगाने के लिए कहा और अलग-अलग खातों में 6 लाख 75 हजार 488 रुपए डलवा लिए। इसके बाद 9 लाख 5 हजार 999 रुपए और खाते में डालने को कहा। ऐसा नहीं करने पर उसके सारे पैसे जमा करने की चेतावनी दी। पुलिस को 20 अप्रैल को शिकायत मिली। पुलिस ने बैंक से संपर्क करके 21 अप्रैल को ही उन खातों को फ्रीज करवा दिया। जिनमें साइबर ठगों द्वारा पैसे डलवाए गए थे।

- आरोपियों के अलग-अलग खातों में हेरा फेरी किए गए 3 लाख 78 हजार पुलिस ने फ्रिज करवाए





हाथी पृथ्वी का इकलौता ऐसा जानवर है जो कूद नहीं सकता।



डॉल्फिन के पास 100-200 के बीच दांत होते हैं, लेकिन फिर भी वह अपने शिकार को निगल कर खाते हैं।

# मेहनत कर आप भी बन सकते हैं पोस्ट अधिकारी



नालेज

यंगभूमि डेस्क

हर गांव में एक पोस्ट ऑफिस मुख्य रूप से उपलब्ध होता है। कई ऐसे छोटे गांव है, जहां पर डाकघर नहीं होगा लेकिन हर एक पंचायत में एक डाकघर अवश्य है। पोस्ट ऑफिस में अलग-अलग पदों पर पोस्ट अधिकारी काम करते हैं। पोस्ट वितरित करने वाले डाकिए से लेकर ब्रांच मैनेजर तक पोस्ट ऑफिसर अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। जब हम अपने आसपास किसी भी पोस्ट ऑफिसर को देखते हैं तो हमारे मन में भी ख्याल आता है, कि पोस्ट ऑफिसर कैसे बन सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पोस्ट ऑफिसर कैसे बनें। इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।

## कौन होता है पोस्ट अधिकारी

भारतीय पोस्ट यानी कि इंडियन डाक डिपार्टमेंट में काम करने वाला हर एक कर्मचारी पोस्ट ऑफिसर कहलाता है। डाक वितरित करने वाले अधिकारी को भी पोस्ट ऑफिसर के नाम से कहा जाता है। हालांकि सामान्य भाषा में डाकिया भी कहते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए विद्यार्थी कौन-कौन से काम करके पोस्ट ऑफिसर बन सकता है। इसकी जानकारी हम आपको इस आर्टिकल के जरिए देने का पूरा प्रयास करेंगे।

### जरूरी दस्तावेज

*सरकार के द्वारा रिक्त पदों के आधार पर नियमित रूप से पोस्ट ऑफिस पर पद पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में आप अपना आवेदन लगाकर पोस्ट ऑफिसर बन सकते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी दस्तावेज नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं:*

- आवेदक का आधार कार्ड
- पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ
- बैंक पासबुक
- मूल निवास प्रमाण पत्र
- ग्रेजुएशन का सर्टिफिकेट
- कंप्यूटर डिप्लोमा का सर्टिफिकेट

## जरूरी योग्यता

जो उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर बनना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों को कई तरह की योग्यता का मुख्य रुप से ध्यान रखना होता है। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:

- पोस्ट ऑफिसर बनने वाले सभी कर्मचारियों को सबसे पहले भारत की नागरिकता का मापदंड पूरा करना होगा। जो कर्मचारी भारत के नागरिक है। उनको पोस्ट ऑफिसर बनने का मौका मिलेगा।
- पोस्ट ऑफिस पद पर निकलने वाली भर्ती के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारी की उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।
- आवेदक मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से पूरी तरह से स्वस्थ होना जरूरी है।
- आवेदक को कंप्यूटर का बेहतरीन नॉलेज होना चाहिए और कंप्यूटर के बेहतरीन नॉलेज के साथ-साथ एमएससीआईटी और सीसीसी कोर्स करना आवश्यक है।
- आवेदक के पास न्यूनतम ग्रेजुएशन डिग्री होना जरूरी है ग्रेजुएशन डिग्री के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर के लिए अपना आवेदन लगा पाएंगे।
- उम्मीदवार का किसी भी तरह से क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए हालांकि यह पुलिस वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जो क्रिमिनल रिकॉर्ड ना होने का दावा करता है। यह आपके लिखित परीक्षा में पास होने के बाद पूछा जाने वाला एक दस्तावेज है।

## कैसे बने पोस्ट अधिकारी

**पोस्ट ऑफिसर बनने का सपना देखने वाले कर्मचारियों को कई तरह से तैयारी करनी होती है। सर्वप्रथम कर्मचारियों को पहले ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करनी होगी। ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करने के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर बनने के योग्य होते हैं।**

पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए उम्मीदवार को सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करने के बाद किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त करनी होगी। विद्यार्थी को किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री अच्छे अंकों के साथ बात करनी है। क्योंकि विद्यार्थी के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम योग्यता के तौर पर पोस्ट ऑफिसर के लिए मानी जाती है। हालांकि पुराने जमाने में डाकिया बनने के लिए कोई भी ग्रेजुएशन डिग्री की जरूरत नहीं होती थी। लेकिन वर्तमान में नए मापदंड के आधार पर डाकिया बनने के लिए भी आपको ग्रेजुएशन की डिग्री के साथ ही आप आवेदन लगा सकेंगे।

**परीक्षा और इंटरव्यू :** डाक भर्ती का लिखित पेपर पास करने के पश्चात कुछ विशेष पदों के लिए इंटरव्यू का आयोजन भी किया जाता है। इंटरव्यू प्रक्रिया के बाद में फाइनल मेरिट लिस्ट की घोषणा होती है और उसके आधार पर आप को चयनित कर के दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है। पोस्ट ऑफिस तक पद पर काम करने वाले उम्मीदवार को शुरुआत में बेसिक सैलरी 20000 से लेकर 38000 तक प्रदान करवाई जाती है।

### भर्ती में आवेदन करें

जब विद्यार्थी ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल कर देता है। तो उसके पश्चात विद्यार्थी को पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए सरकार के द्वारा नियमित रूप से रिक्त पदों के अनुसार भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में अपना आवेदन लगा कर भर्ती की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए।

### भर्ती परीक्षा की तैयारी करें

जब उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर पद के लिए निकाली जाने वाली भर्ती में अपना आवेदन लगा देता है तो उसके पश्चात उस विद्यार्थी को परीक्षा के सिलेबस को समझते हुए और एग्जाम पैटर्न को समझते हुए बेहतरीन तैयारी करनी चाहिए। क्योंकि वर्तमान में हर पद के लिए बहुत ही ज्यादा कंपटीशन भारत में है। सरकारी नौकरी को लेकर चपरासी पद के लिए भी जबरदस्त कंपटीशन वर्तमान समय में देखने को मिलता है। ऐसे में आपको नियमित पांच से 6 घंटे तक पढ़ाई करते हुए पोस्ट ऑफिसर भर्ती परीक्षा के सिलेबस को पूरा पढ़ना चाहिए और उसके बाद पोस्ट ऑफिस परीक्षा के एग्जाम को क्लियर करना है।

## विज्ञान तथा मेडिकल के क्षेत्र में भारी जरूरत

# दूसरों का मन पढ़ने की काबिलियत है तो मनोवैज्ञानिक बन चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## युवाओं की बन रहा पहली पसंद

मनोवैज्ञानिक का अर्थ होता है कोई ऐसा व्यक्ति जो दूसरों के मन की बात जान सकें, उसे मनोवैज्ञानिक कहते हैं। इंग्लिश में इसे साइकोलॉजिस्ट कहते हैं। वर्तमान समय में यह शब्द काफी ज्यादा प्रचलित है क्योंकि बड़े पैमाने पर मनोवैज्ञानिक की आवश्यकता रहती है। आमतौर पर विज्ञान तथा मेडिकल के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर साइकोलॉजिस्ट की आवश्यकता रहती हैं और वैसे भी प्रत्येक इंसान यह चाहता है कि वह दूसरों के मन की बात जान सकें, दूसरों के दिमाग में क्या चल रहा है। इस बारे में वह समझ सकें। लेकिन इसे किसी जादू से या तंत्र विद्या से हासिल नहीं किया जाता है, बल्कि मनोविज्ञान पढ़ना होता है। जिसके अंतर्गत आप दूसरों के मन की बात जान सकते हैं। विशेष रूप से ऐसे व्यक्ति जो मानसिक रूप से कमजोर हैं। उनके दिमाग की स्थिति जानकर उनका उपचार किया जाता है।





### काफी काम आते मनोवैज्ञानिक


इसीलिए मेडिकल के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मनोवैज्ञानिक की आवश्यकता होती है। दुनिया भर में बड़े पैमाने पर मनोवैज्ञानिक मौजूद हैं। इसके अलावा सरकार भी अपने विरोधी देशों के सरकार के दिमाग में चल रहे क्रियाकलापों के बारे में जानना चाहती हैं, इस जगह पर मनोवैज्ञानिक काफी काम आते हैं। अगर आप भी मनोवैज्ञानिक बनना चाहते हैं? यानी की मनोवैज्ञानिक बनना चाहते हैं? तो इसके लिए आपको क्या-क्या करना होगा? किस प्रकार के पढ़ाई करें? कितना समय लगेगा? तथा किस प्रकार से आप साइकोलॉजिस्ट बन पाएंगे? इस प्रकार की पूरी जानकारी इस आर्टिकल में हम आपको विस्तार से बताएंगे। इस आर्टिकल को पढ़ने के बाद आपको पता चल जाएगा कि मनोवैज्ञानिक कैसे बनें। तो चलिए आपको बताते हैं कि मनोवैज्ञानिक क्या होता है? तथा मनोवैज्ञानिक कैसे बनते हैं?

### क्या होता है मनोवैज्ञानिक

*साइकलोजिस्ट को हिंदी में मनोवैज्ञानिक कहते हैं। इसका अर्थ होता है कि मानव मस्तिष्क का अध्ययन करना तथा मानव मस्तिष्क को समझना। आसान भाषा में बताएं तो किसी भी व्यक्ति के दिमाग में क्या चल रहा है? वह व्यक्ति क्या सोच रहा है? तथा आगे क्या कर सकता है? इस बात को समझ कर उसका अर्थ निकालना मनोवैज्ञानिक कहलाता है। विशेष रूप से अगर कोई व्यक्ति गुस्से में है, खुशी में है, या दुख में है? तो मनोवैज्ञानिक उनकी भावनाओं के आधार पर उसके मस्तिष्क का अध्ययन करके यह पता लगाते हैं कि उसके दिमाग में क्या चल रहा है। इस तरह का मस्तिष्क का अध्ययन करने वाले व्यक्ति को मनोवैज्ञानिक कहते हैं। आमतौर पर आज के समय में तनाव तथा डिप्रेशन से ग्रसित लोगों को मनोवैज्ञानिक की अत्यधिक आवश्यकता होती है क्योंकि वह लोग पूरी तरह से तनाव में जकड़ जाते हैं। जबकि विशेषज्ञों को अपनी परेशानी भी खुलकर नहीं बताते हैं। ऐसी स्थिति में मनोवैज्ञानिक उनके मस्तिष्क का अध्ययन करके व्यक्ति के व्यवहार उसकी सोच भावनाएं इत्यादि के बारे में विस्तार से गहनता से अध्ययन करके उसके दुखों का पता लगाते हैं, जिसके आधार पर उनका उपचार किया जाता है और वे ठीक हो जाते हैं। यही वजह है कि आज के समय में मनोवैज्ञानिक की काफी ज्यादा डिमांड बढ़ गई है।*

### साइकोलॉजिस्ट के कार्य

*साइकोलॉजिस्ट का मुख्य कार्य रिसर्च का अध्ययन करना होता है। साइकोलॉजिस्ट मुख्य रूप से मानसिक रूप से बीमार तथा मस्तिष्क से संबंधित बीमारियों वाले मरीजों के मस्तिष्क का अध्ययन करते हैं। ताकि उन्हें उचित उपचार दिलाया जा सकें और उनके मस्तिष्क को ठीक किया जा सकें। इसीलिए इंसानी दिमाग को पढ़ने के लिए इस तरह के साइकोलॉजिस्ट होते हैं। साइकोलॉजिस्ट किसी भी इंसान के दिमाग को पढ़ने का काम करते हैं, जिससे उन्हें पता चल जाता है कि वह किस प्रकार से सोचते हैं? किस प्रकार से योजना बनाते हैं। साइकोलॉजिस्ट विज्ञान की एक शाखा है। इसीलिए इसका मुख्य रूप से उपयोग मेडिकल तथा रिसर्च एवं प्रयोग से संबंधित होता है। मनुष्य का व्यक्ति किस प्रकार से कार्य करता है? मस्तिष्क में कौन-कौन से विचार आते हैं? इत्यादि के बारे में गहनता से साइकोलॉजिस्ट द्वारा अध्ययन किया जाता है। आमतौर पर आज के समय में ज्यादातर लोग डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं, तनाव के शिकार हो जाते हैं, मन में अनचाहे विचार आते हैं, विभिन्न प्रकार की सोच होती है, भावनाएं काबू में नहीं रहती है, तरह-तरह की फीलिंग आती है, विभिन्न प्रकार का प्रसार बना रहता है, इससे उनका मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है। इन सभी कार्यों का अध्ययन मनोवैज्ञानिक अर्थात साइकोलॉजिस्ट द्वारा किया जाता है।*



### कितने प्रकार के होते हैं साइकोलॉजिस्ट

**व्यक्तिगत साइकोलॉजिस्ट** : इस शाखा के अंतर्गत व्यक्तिगत सोच के तरीकों को अध्ययन के रूप में जाना जाता है। इससे यह पता चलता है कि व्यक्तिगत रूप से व्यक्ति की सोच बदलाव तथा उसके परिवर्तन में क्या कारण आए हैं। इस बारे में गहनता से अध्ययन किया जाता है।

**सामाजिक साइकोलॉजिस्ट** : इस शाखा के अंतर्गत एक समाज या समूह के मस्तिष्क का अध्ययन किया जाता है। इसके दौरान यह पता लगाया जाता है कि वह समाज या संगठन अथवा समूह किस प्रकार का व्यवहार रखता है, किस प्रकार से सोचता है, उनका क्या विकास है तथा क्या उनकी भावनाएं है। इत्यादि सामाजिक साइकोलॉजिस्ट के अनुसार अध्ययन किया जाता है।

**जैविक साइकोलॉजिस्ट** : इस शाखा के अनुसार शरीर में बदलाव के रूप में मस्तिष्क का अध्ययन किया जाता है यानी कि शरीर में जिस प्रकार से जैविक प्रक्रिया के अनुसार बदलाव होते हैं? उस समय मनुष्य का मस्तिष्क किस तरह से प्रभावित होता है। इस बारे में अध्ययन किया जाता है।


**नैदानिक साइकोलॉजिस्ट** : यहां शाखा विशेष रूप से मानसिक रोगियों के लिए उपलब्ध की गई है। विशेष रूप से जो व्यक्ति दिमाग की बीमारियों से ग्रसित है या मानसिक रूप से कमजोर हैं। उनके दिमाग को पढ़कर उपयुक्त इलाज के लिए उनके मस्तिष्क का अध्ययन किया जाता है। इसीलिए इसे नैदानिक साइकोलॉजिस्ट कहते हैं।

**सज्ञानात्मक साइकोलॉजिस्ट** : इस शाखा के अंतर्गत व्यक्ति के सोचने के तरीके निर्णय लेने के तरीके समस्या और परेशानियों से समझने के तरीके तथा बात करने के तरीकों के बारे में मस्तिष्क का अध्ययन किया जाता है। इस साइकोलॉजिस्ट शाखा को संज्ञानात्मक शाखा कहते हैं। विशेष रुप से इस शाखा के साइकोलॉजिस्ट को बड़े-बड़े देश की सरकारें विरोधी देशों के लिए इस्तेमाल करती है।

### ऐसे बनें मनोवैज्ञानिक

- साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए अभ्यर्थी को सबसे पहले बैचलर ऑफ साइकोलॉजी का कोर्स करना होगा। यह कोर्स 3 वर्ष का होता है। इसके अंतर्गत 2 वर्ष का मास्टर ऑफ साइकोलॉजी कोर्स करना होता है।
- साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए विशेष रूप से आपको इस विषय में रुचि होने चाहिए, तभी आप साइकोलॉजिस्ट बन पाएंगे।
- साइकोलॉजी के क्षेत्र में मास्टर की डिग्री प्राप्त करने के बाद स्पेशलाइजेशन भी किया जा सकता है।
- साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए गहनता से सुनने की क्षमता होनी चाहिए।
- दूसरों के मस्तिष्क को बारीकी से जानने और उस पर अध्ययन करने की प्रबल इच्छा होनी चाहिएं।
- अभ्यर्थी की अच्छी कम्यूनिकेशन स्किल होनी चाहिए।
- साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए धैर्यवान, आत्मविश्वास तथा सुनने एवं समझने की योग्यता रखनी चाहिए।

# सोशल मीडिया कार्यस्थल को बना रहा विषैला, युवा सावधानी से करें उपयोग



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सोशल मीडिया का उपयोग समाज में एक व्यापक बदलाव लाया है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि यह व्यक्तिगत और व्यापारिक जीवन को कैसे प्रभावित कर रहा है? वास्तव में, सोशल मीडिया ने कार्यस्थल को विषैला बना दिया है। यहां हम उस तरह के प्रभावों पर विचार करेंगे जिनसे सोशल मीडिया कार्यस्थल में वातावरण को नकारात्मक बनाता है। आज के युवा लोगों के लिए सोशल मीडिया एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। यह उन्हें दोस्तों के साथ जुड़े रहने, नए ज्ञान की प्राप्ति करने और अपने विचारों को साझा करने का माध्यम प्रदान करता है। हालांकि, सोशल मीडिया के उपयोग के साथ ही साइबर बुलिंग का खतरा भी है, जो युवाओं को प्रभावित कर सकता है।

## साइबर बुलिंग से बचने को जागरुकता जरूरी

यहां हम कुछ सलाह प्रस्तुत कर रहे हैं जो युवा लोगों को सोशल मीडिया और साइबर बुलिंग के खतरों से बचाने में मदद कर सकती हैं। सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण उपाय है जागरूकता। युवाओं को सोशल मीडिया और साइबर बुलिंग के खतरों के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए ताकि वे संवेदनशीलता के साथ इन खतरों को पहचान सकें और उनसे बच सकें। सोशल मीडिया का संतुलित उपयोग करना बहुत महत्वपूर्ण है। यह न केवल युवाओं को अपनी सोशल जिम्मेदारियों को समय से ख़त्म करने के लिए सिखाता है, बल्कि उन्हें सकारात्मक और उत्तरदायी रूप से सोशल मीडिया पर बर्ताव करने के लिए भी प्रेरित करता है। यदि कोई युवा साइबर बुलिंग का शिकार होता है, तो उसे सहानुभूति और समर्थन की जरूरत होती है। वह खुद को अकेला महसूस नहीं करें और उसे अपनी समस्या को साझा करने के लिए स्वतंत्र महसूस करने के लिए प्रेरित करें। युवाओं को अपनी गोपनीयता की महत्वपूर्णता के बारे में शिक्षा देना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें अपने व्यक्तिगत जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा करने से पहले सोचने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। युवाओं को सकारात्मक सोशल मीडिया अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। वे अपने सोशल मीडिया खातों पर सकारात्मक और उत्तेजक सामग्री को साझा करने और देखने के लिए उत्साहित होना चाहिए। इन सलाहों का पालन करते हुए, युवा लोग सोशल मीडिया के खतरों से बच सकते हैं और उसे सकारात्मक और सार्थक रूप से उपयोग कर सकते हैं। सोशल मीडिया का उपयोग करने में लोग अक्सर कार्यस्थल में समय की बर्बादी करते हैं। वे काम के समय में अपने सोशल मीडिया खातों को चेक करने में लगे रहते हैं, जिससे कार्य पर ध्यान केंद्रित करने में मुश्किल होती है और काम की प्रगति पर असर पड़ता है। कई बार सोशल मीडिया पर देखी गई जानकारियों और फोटोग्राफों के कारण, कर्मचारियों के बीच अप्रत्याशित व्यवहार हो सकता है। इससे कार्यस्थल में विश्वास की कमी होती है और सामूहिक संबंधों में कटुता आ सकती है। सोशल मीडिया पर नकली जीवन और सफलता की तस्वीरें देखकर, लोग अक्सर अपनी खुद की तुलना अन्य लोगों से करते हैं, जो मानसिक तनाव का कारण बन सकता है। इससे कार्यस्थल में रिश्तों में टेंशन और आत्मविश्वास की कमी हो सकती है। कार्यस्थल में सोशल मीडिया का उपयोग करते समय, कर्मचारियों को गोपनीयता का अनुपालन करना चाहिए। लेकिन अक्सर लोग निजी जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा करते हैं, जिससे गोपनीयता की चुनौती पैदा होती है और अप्रत्याशित परिणाम हो सकते हैं।

### महिलाएं हो रहीं ज्यादा प्रताड़ित

सोशल मीडिया का उपयोग करने से कर्मचारियों के बीच संवाद की कमी हो सकती है। वे अक्सर चैट, इमेल या सोशल मीडिया के माध्यम से संवाद करते हैं, जिससे सामूहिक दृष्टिकोण और टीम काम को प्रभावित किया जा सकता है। सोशल मीडिया का सही उपयोग करते हुए जागरूक रहना चाहिए और कार्यस्थल में सकारात्मक वातावरण बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। "सोशल मीडिया और डिजिटलीकरण का आगमन कार्यस्थलों में अनेक नए संभावनाओं का उत्थान किया है, लेकिन इसके साथ ही कुछ चुनौतियां भी उत्पन्न हुई हैं। महिलाएं, खासकर कार्यस्थल में, इस डिजिटल युग में अधिक शिकार बनने के खतरे से जूझ रही हैं। उन्हें अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा ऑनलाइन या ऑफलाइन उत्पीड़न, बुलिंग, या अन्य दुर्व्यवहार का शिकार बनाया जा सकता है। सबसे पहले, महिलाओं को अपने अधिकारों और उन्हें किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होने के लिए जागरूक होना चाहिए। उन्हें यह समझना चाहिए कि कैसे वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकती हैं और कैसे वे अपने कानूनी अधिकारों का इस्तेमाल कर सकती हैं। महिलाओं को एक समर्थन सिस्टम की आवश्यकता होती है, जो उन्हें आत्मसमर्थन, सलाह, और समर्थन प्रदान कर सकता है। कार्यस्थल में, इसका मतलब है कि कंपनी को नेतृत्व से लेकर सहकर्मियों तक, सभी को महिलाओं का समर्थन करना चाहिए। कंपनी को सुनिश्चित करना चाहिए कि वह एक स्पष्ट और सख्त नीति के साथ साइबर बुलींग और उत्पीड़न के खिलाफ है। यह नीतियाँ और प्रक्रियाएँ महिलाओं को सुरक्षित और समर्थित महसूस करने में मदद कर सकती हैं। कंपनी को एक विशेष जाँच और प्रतिक्रिया प्रक्रिया अपनानी चाहिए, जिसमें किसी भी उत्पीड़न की शिकायत को गंभीरता से लिया और संवेदनशीलता के साथ उसका समाधान किया जाता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** ब्रजभाषा' है -
(ए) पूर्वी हिन्दी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) बिहारी हिन्दी
(डी) पहाड़ी हिन्दी

**2.** मगही' किस भाषा की बोली है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) पूर्वी हिन्दी
(डी) बिहारी

**3.** हिन्दी खड़ी बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है ?
(ए) मागधी
(बी) अर्धमागधी
(सी) शौरसेनी
(डी) ब्राचड़

**4.** भाषा के आधार पर राज्यों की पुनः संरचना की गयी थी ?
(ए) 1952 ई. में
(बी) 1953 ई. में
(सी) 1954 ई. में
(डी) 1956 ई. में

**5.** भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?
(ए) पंजाब
(बी) जमू-कश्मीर
(सी) रजस्थान
(डी) आंध्र-प्रदेश

**6.** बघेली बोली का संबंध किस उपभाषा से है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पूर्वी हिन्दी
(सी) बिहारी
(डी) पश्चिमी हिन्दी

**7.** किस तिथि को हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया ?
(ए) 15 अगस्त, 1947 ई.
(बी) 26 जनवरी, 1950 ई..
(सी) 14 सितम्बर, 1949 ई..
(डी) 14 सितम्बर, 1950 ई.

**8.** वर्ष 1955 ई. में गठित प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष थे -
(ए) बी. जी. खेर
(बी) सुनीति कुमार चटर्जी
(सी) जी. बी. पन्त
(डी) पी. सुव्योरोयान

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(डी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप

### सीएम के आगमन के कारण ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध



**झज्जर :** जिलाधीश कैप्टन शक्ति सिंह ने शनिवार को मुख्यमंत्री हरियाणा के बादली में आगमन को लेकर धारा 144 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगा दी गई है। यह पाबंदी हेलीपैड से देवीलाल द्वार तक आवागमन के रास्ते पर और आस-पास के 500 मीटर के दायरे में लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति आदेशों के उल्लंघन में दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानून के प्रावधान के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### पति पत्नी करते थे नशे का कारोबार, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले की ख्याला और तिलक नगर पुलिस ने ड्रग्स के धंधे में शामिल एक दंपति को गिरफ्तार किया है। इनके नाम राजेश राणा उर्फ बंटी और नीलम बताये गये। पुलिस ने दंपति के पास से करीब 790 ग्राम हेरोइन और 20 लाख से ज्यादा कैश बरामद किया हैं। ड्रग्स की कीमत डेढ़ करोड़ आंकी गई है। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार तिलक नगर सब डिवीजन के एसीपी सुरेन्द्र सिंह राठी के नेतृत्व वाली टीम ने दंपति को अरेस्ट किया है। राजेश राणा 23 मामलों में शामिल रहा है। वहीं उसकी पत्नी के ऊपर भी आठ केस दर्ज थे। इनसे 20 लाख 49,130 रुपए कैश बरामद हुआ। आरोपी दंपति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

# स्लोगन राईटिंग में सुमित ने प्रथम, दीप्ति ने दूसरा व संध्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

- बिंध लेखन में छारा से कविता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में शुक्रवार को जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थी कानूनी साक्षरता मिशन के तत्वावधान में स्लोगन लेखन, निबंध लेखन, पोस्टर मेंकिंग, भाषण और कविता पाठ प्रतियोगिताएं कराई गई जिसमें जिले के 9 महाविद्यालयों के 62 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्लोगन राईटिंग में दुजाना महाविद्यालय के सुमित ने पहला, मातनहेल के राजकीय महाविद्यालय की दीप्ति ने दूसरा व राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ की संध्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार निबंध लेखन में छारा से कविता प्रथम, स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज इन टीचर एज्यूकेशन संस्थान से रेणू ने द्वितीय व दीपशिखा तृतीय रही। पोस्टर मेकिंग में झज्जर महाविद्यालय की साक्षी ने पहला, स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज इन टीचर एज्यूकेशन की निशा बिश्नोई ने दूसरा व बहादुरगढ़ की अंजू ने तीसरा स्थान हासिल किया। कविता पाठ में स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज इन टीचर एज्यूकेशन की दक्षता गुलिया प्रथम, दुजाना महाविद्यालय अंशिका द्वितीय तथा मातनहेल की अंजलि रानी तृतीय रही। भाषण प्रतियोगिता में अंबिका राजकीय महाविद्यालय, बहादुरगढ़ ने प्रथम, अनामिका राजकीय महाविद्यालय, झज्जर ने द्वितीय तथा नितिका स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज इन टीचर एज्यूकेशन, झज्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉक्टर रणवीर सिंह आर्य ने विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्रभारी बलराम, नवीन कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। प्रतियोगिता कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। प्रमाण पत्र व कॉफीमग दिखाते हुए प्रतिभागी शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## शिक्षकों को किया प्रमाण पत्र देकर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत चौथी व पांचवीं कक्षा संबंधी अकादमिक विषयवस्तु के संदर्भ में खंड मातनहेल के प्राथमिक अध्यापकों के लिए चलाया जा रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में शिक्षकों को दो दिन हिंदी और बाकी दो दिन गणित तथा अंग्रेजी विषय की पूरे वर्ष की रूपरेखा से अवगत करवाया गया। प्रत्येक विषय की शिक्षक संदर्शिका, कार्य पुस्तिका, सहायक सामग्री, कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों और पुस्तकालय के महत्व पर इन चार दिनों में विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर की भूमिका एबीआरसी विभा, सुधा तथा पिंकी ने निभाई। खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विजय बाला ने गतिविधि आधारित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सभी शिक्षकों को अपने-अपने विद्यालयों में पूरी तन्मयता के साथ क्रियान्वित करने का आग्रह किया। इस दौरान प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र व निपुण हरियाणा के लोगो से सुसज्जित कॉफीमग से सम्मानित किया गया।

## कविता पाठ में दक्षिता को पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



झज्जर। विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते हुए संस्थान स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- निबंध लेखन प्रतियोगिता में रेनू ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन के विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर आयोजित स्टूडेंट लीगल लिट्रेसी मिशन 2023-24 में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डॉक्टर राजवंती ने बताया कि यह प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में आयोजित जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में उनके संस्थान की रेनू को दूसरा और दीपशिक्षा को तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में निशा बिश्नोई ने तीसरा, कविता पाठ में दक्षिता गुलिया ने पहला, डिक्लामेशन में नीतिका नास ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान निदेशक डॉक्टर ऋषि गोयल, प्राचार्या डॉक्टर संतोष, डॉक्टर रीना तक्षक, लीगल लिट्रेसी टीम प्रभारी डॉक्टर सविता सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## वर्कशॉप के दौरान दी यू-विन एप की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

राज्य मुख्यालय की टीम द्वारा सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह की अध्यक्षता में रूटीन प्रतिरक्षण, यू-विन व टीबी-विन की जिला स्तरीय वर्कशाप का आयोजन किया गया। वर्कशाप के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को यू-विन एप बारे जानकारी देते हुए उससे संस्था की साप्ताहिक व पाक्षिक व मासिक समीक्षा करने बारे अवगत कराया गया।

सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि यू-विन प्लेटफार्म का उपयोग प्रत्येक गर्भवती महिला को पंजीकृत करने और टीकाकरण करने, उसके प्रसव के परिणाम को रिकार्ड करने, प्रत्येक नवजात शिशु के जन्म को पंजीकृत करने, जन्म खुराक देने और उसके बाद सभी टीकाकरण कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा। स्वास्थ्यकर्मी और कार्यक्रम प्रबंधक बेहतर योजना और टीका वितरण के लिए नियमित टीकाकरण सत्र और टीकाकरण कवरेज का रियल टाइम डेटा तैयार करने में सक्षम होंगे। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए आभा आईडी से जुड़ा ई-टीका और ई-टीकाकरण कार्ड तैयार किया जाएगा। इसके अलावा, मंच के माध्यम से नागरिक आस-पास चल रहे नियमित टीकाकरण सत्रों की जांच कर सकते हैं। लाभार्थी टीकाकरण के लिए पहले से स्लाट बुक कर सकेंगे। इसके अलावा लाभार्थियों को मौके पर ही टीकाकरण प्रमाण-पत्र मिल जाएंगे और वे चाहें तो उन्हें डाउनलोड भी कर सकते हैं।

इस मौके पर डॉक्टर तीर्थ राम बागड़ी, डॉक्टर बसंत दूबे, अर्बन नोडल अधिकारी डॉक्टर निशा डाबर सहित अनेक चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।



झज्जर। स्वास्थ्यकर्मियों को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह।

## वरिष्ठता और वेतनमान के अनुसार लगे कॉलेज प्राध्यापकों की चुनाव में ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

- शिक्षक संघ ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की

हरियाणा के कॉलेज प्राध्यापकों की चुनाव में ड्यूटी वरिष्ठता और वेतनमान के अनुसार लगाने के लिए हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं। शिक्षक संघ के प्रवक्ता डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉक्टर अमित चौधरी, राजकीय महाविद्यालय भिवानी के अध्यक्ष जगवीर मान और डॉक्टर हरिओम के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बताया कि लोक सभा चुनाव की ड्यूटी लगाते समय कॉलेज प्राध्यापकों की वरिष्ठता और वेतनमान को ध्यान में नहीं रखा जा रहा है और जूनियर अधिकारियों की ड्यूटी उनसे ऊपर लगाई जा रही है जबकि यह स्थापित नियम है कि जूनियर अधिकारी अपने से वरिष्ठ अधिकारी को आदेश नहीं दे सकता। इस मुलाकात के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिलों के उपायुक्त और जिला चुनाव अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिया कि चुनाव ड्यूटी वरिष्ठता और जॉब स्टेटस के अनुसार लगाई जाए। हरियाणा राजकीय महाविद्यालय शिक्षक संघ की महासचिव डॉक्टर प्रतिभा चौहान ने कहा कि लगभग हर चुनाव में यह समस्या आती है और इसका समाधान करने की बजाय इसे टाल दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि यह भी देखा गया है कि कुछ जगह सरकारी कॉलेजों के लगभग पूरे शिक्षण स्टाफ को चुनाव ड्यूटी पर तैनात किया जा रहा है। इससे कॉलेज के शिक्षण और प्रशासनिक कार्यों में रुकावट आ जाती है।

## फसल उठान में तेजी लाने के निर्देश

- डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने खरीद एजेंसियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मौसम परिवर्तनशील है व बारिश की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में अनाज मंडियों व परचेज सेंटरों पर खुले में पड़े गेहूं के उठान कार्य में तेजी लाएं।

यह निर्देश डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने खरीद एजेंसियों की बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया कि जिला में मंडियों में अब तक एक लाख 291 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 48 हजार 674.2 सरसों की खरीद की जा चुकी है। जबकि मंडियों से अभी तक 47 हजार 297 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है। इसके अलावा खरीद की गई सरसों 37 हजार 692.29 मीट्रिक टन सरसों उपज का उठान हो चुका है।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह।

## छतरपुर : विदेशी महिला को घायल कर लूटा

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के छतरपुर इलाके में युगांडा की रहने वाला एक 27 वर्षीय महिला के साथ मारपीट, लूटपाट और कपड़े फाड़ने का मामला सामने आया है। आरोप दो युवकों पर लगा है। गुरुवार रात महरौली अंधेरिया मोड स्थित 100 फुटा रोड पर इस घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में उचित कार्रवाई की गई है। दोनों आरोपी युवकों को अरेस्ट कर लिया गया है। इनके नाम रिंकु कश्यप और मनोज उर्फ जितेंद्र उर्फ किन्नू हैं।

पुलिस के अनुसार मामले की सूचना 25 अप्रैल गुरुवार रात करीब 12 बजे मिली थी। घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया। पूछताछ में उसने बताया कि रात करीब पौने 11 बजे वह फूल मंडी से छतरपुर पहाड़ी इलाके में पैदल जा रही थी। फुटपाथ पर उसके पीछे दो युवक कुत्ते के साथ चल रहे थे। वह कुत्ते से डर गई। उसी बीच एक युवक ने महिला को पीछे से दबोच लिया और दीवार से सटा दिया।

महिला का पर्स छीन लिया। पर्स में आठ सौ रुपये और चांदी की अंगूठी थी। उन्होंने महिला के कपड़े भी फाड़ दिये। महिला के सिर पर पत्थर से वार कर दिया। इसके बाद दोनों आरोपी युवक फरार हो गये। महिला छतरपुर इलाके में किराये पर रहती है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और लोकली इंटेलीजेंस के जरिये दोनों संदिग्धों का पता लगा उन्हें पकड़ लिया। दोनों लेबर और ड्राइविंग का काम करते हैं और नशे के आदी है। घटना के समय भी दोनों नशे में थे।



झज्जर। पूल पार्टी में मस्ती करते हुए नन्हें विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## नन्हें विद्यार्थियों के लिए स्पेशल पूल पार्टी आयोजित

**झज्जर।** किड्ज शैशव स्कूल की मांटेसरी विंग के विद्यार्थियों के लिए स्पेशल पूल पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी के दौरान विद्यार्थियों ने खिलौनों के साथ नाचते - खेलते भरपूर आनंद उठाया। प्रिंसिपल ऊषा गहलोत ने कहा कि शैक्षिण कार्यों के साथ-साथ सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों से बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास को बढ़ावा मिलता है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियां आवश्यक है।

## शूटिंग स्पर्धा में एचआर ग्रीन फील्ड के छात्र संस्कार ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

एचआर ग्रीन फील्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने तुगलाबाद नई दिल्ली के डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित तीसरी हरियाणा प्री स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए मेडल हासिल किए।

कोच अमित कुमार ने बताया कि उनके स्कूल के छात्र संस्कार ने पिस्टल पारा में गोल्ड मेडल जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इसके अलावा पलक, राहुल, हर्ष बजाड़, यश गुलिया, सागर, ओजस, गौरव, अक्षय गुलिया ने राइफल प्रतियोगिता तथा मुस्कान व गौरव ने पिस्टल स्पर्धा में अपनी प्रतिभा दिखाई। स्कूल पहुंचने पर सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।




झज्जर। स्कूल स्टाफ सदस्यों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि




झज्जर। पेस के होनहार विद्यार्थी शिवराज के साथ डायरेक्टर जयविकास। फोटो : हरिभूमि

## पेस के दस विद्यार्थियों ने पाई आईआईटी मेंस में सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

आईआईटी मेन्स के रिजल्ट में पेस संस्थान के 10 विद्यार्थियों ने 98 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। पेस ग्रुप के डायरेक्टर जयविकास ने बताया कि जिनांश दलाल ने 99.99, आयुशी ने 99.97, शिवराज ने 99.7, जतिन ने 99.1, आर्य ने 99.52, विनेश ने 98.9, मयंक ने 98.2, जय प्रकाश ने 98.47 परसेंटाइल अंक हासिल किए। उन्होंने बताया कि कुल 42 विद्यार्थियों ने आईआईटी एडवांस लेवल के लिए क्वालिफाई किया। अब ये विद्यार्थी आगामी 26 मई को परीक्षा देंगे।

## भलस्वा डेयरी: दो युवकों की चाकू से हमला कर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- रिसेप्शन पार्टी में हुआ था सिगरेट को लेकर झगड़ा, तीन आरोपी गिरफ्तार

भलस्वा डेयरी इलाके में दो युवकों की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतकों के नाम राजीव नगर गली नंबर दो निवासी समीर और फरदीन है। पुलिस का कहना है कि इनमें से एक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था, जबकि दूसरे की मौत इलाज के दौरान हुई। तीन आरोपियों को अरेस्ट भी कर लिया गया है। रिशेप्सन पार्टी के सिगरेट को लेकर इनके बीच झगड़ा हुआ था।

डीसीपी रवि कुमार सिंह के अनुसार 25 अप्रैल की देर रात 1 बजकर 22 मिनट पर भलस्वा डेयरी इलाके में चाकूबाजी के संबंध एक पीसीआर कॉल मिली थी। घायल समीर को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके पेट और कंधे पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। वहीं फरदीन घटनास्थल पर ही मृत मिला। वह बैटरी रिक्शा चलाता था। इस घटना के चश्मदीद मुबीन की शिकायत पर हत्या और हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया गया है। उसने बताया कि गली नंबर दो राजीव नगर में उनके चचेरे भाई रिजवान की रिसेप्शन पार्टी थी। इस समारोह में उनके रिश्तेदारों के अलावा पड़ोसी फरदीन को भी आमंत्रित किया गया था। आधी रात को समीर (रिश्तेदार) और फरदीन (पड़ोसी) एक साथ बाहर गए। कुछ देर बाद समीर खून से लथपथ रिजवान के घर की ओर भागता नजर आया। उसके पीछे तीन लोग हाथों में चाकू लिए भाग रहे थे।

हमलावरों में से एक की पहचान सम्मी उर्फ कल्लू के रूप में हुई जो राजीव नगर में ही रहता है। घायल समीर को फौरन बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उन्हें पता चला कि आरोपियों और दोनों युवकों के बीच सिगरेट को लेकर झगड़ा हुआ था। समीर की हालत ज्यादा खराब होने पर उसे एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बाद में पुलिस ने हत्या की धारा को केस में जोड़ा। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। आरोपियों का पता चल जाने पर तीन अरेस्ट कर लिया गया। इनकी पहचान राजीव नगर गली नंबर दो निवासी अब्दुल सम्मी (19), गली नंबर चार निवासी विकास (20) और गली नंबर नौ निवासी अर्शलान उर्फ मोंटी (20) के तौर पर हुई। इनमें अब्दुल सम्मी स्विगी डिलीवरी ब्वॉय के रूप में कार्यरत था। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल तीन चाकू और एक पिस्टल के साथ खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिये हैं। आरोपी अर्शलान मॉडल टाउन में आर्म्स एक्ट के केस में शामिल रहा है। तीनों ही आरोपी सीसीटीवी फुटेज में समीर के पीछे भागते नजर आए थे।

## सनकी आशिक ने महिला की गोली मारकर ली जान

**नई दिल्ली।** नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के जहांगीरपुरी में शुक्रवार दोपहर एक 32 वर्षीय महिला की गोली मार हत्या कर दी गई। शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भिजवाया गया है। पुलिस केस दर्ज कर हमलावर की तलाश में जुटी है। शुरुआती तफ्तीश में पुलिस का कहना है कि मामला एक तरफा प्यार से जुड़ा है। आरोपी लंबे समय से मृतका की बेटी को परेशान कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार सरिता अपने पति मनोज व 15 वर्षीय बेटी के साथ जहांगीरपुरी के जे ब्लॉक में रहती है। बताया जा रहा है कि पिछले दो सालों से मेहताब नामक युवक उनकी बेटी को परेशान कर रहा है। उससे परेशान होकर उन्होंने बेटी को गुरुकुल में भेज दिया था। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे युवक अचानक सरिता के घर पहुंचा और पिस्टल निकालकर गोली चला दी। गोली सरिता की छाती में लगी। महिला को नाजुक हालत के चलते बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। डीसीपी जितेंद्र कुमार मीणा ने महिला की मौत की पुष्टि करते हुये कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिये एक टीम का गठन किया गया है। जल्द ही वह सलाखों के पीछे होगा।

**सूचना**

मैं, गणपत पुत्र रामस्वरूप निवासी गांव दुजाना, तहसील बेरी जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नीरज मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

हम, ज्योति पत्नी प्रीतम सिंह व प्रीतम सिंह पुत्र श्री रमेश चन्द्र निवासी गांव लोहारहेडी, तहसील बहादुरगढ जिला झज्जर हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र लक्ष्य हमारे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

### संस्कारम वेटनरी कॉलेज में कैंप आज

**झज्जर।** संस्कारम वेटनरी कॉलेज में शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर एंटी रेबीज वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक चलने वाले इस कैंप में व्यक्ति अपने पालतू कुत्तों का फ्री टीकाकरण करा सकते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य रेबीज रोग का नियंत्रण एवं उन्मूलन रखा गया है।

### इलाज के लिए दिल्ली गए तो घर में हुई चोरी

**बहादुरगढ़।** पत्नी के इलाज के दिल्ली जाना एक परिवार को भारी पड़ गया। पीछे से अज्ञात चोर उनके घर से सोने-चांदी के आभूषण समेत जरूरी दस्तावेज चुरा ले गए। दरअसल, लाइनपार निवासी बृज किशोर सिंह रविवार को अपनी पत्नी के ईलाज के लिए दिल्ली गए थे। मंगलवार को पड़ोसी ने फोन कर बताया कि आपके कमरे का दरवाजा टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही वे घर लौटे तो सामान बिखरा हुआ था। चैक करने पर सोने का गले का हार, कानों के हैंगिंग, दो सोने की अंगूठियां, कान के झुमके, तीन जोड़े चांदी के मंगल सूत्र, तीन जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी की चेन, चार चांदी के सिक्के, एक चांदी की मच्छली समेत कई दस्तावेज चोरी मिले। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 457 व 380 के तहत केस दर्ज किया है।

### मतदान के लिए किया जा रहा है जागरूक

**झज्जर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में जागरूकता अभियान जारी है। समाज के प्रत्येक वर्ग तक वोट के महत्व का संदेश पहुंचाने के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जागरूकता के लिए ऑडियो क्लिप व गीत रिलीज किए हैं, जिनकी जिले में सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व अन्य स्थानों पर एलईडी स्क्रीन पर दिखाया जा रहा है व अनाउंसमेंट करवाई जा रही है।

# नप टीम ने देवीलाल पार्क के साथ अतिक्रमण हटाया

## सड़क पर रखा सामान जब्त किया, रेहड़ी संचालकों में हड़कंप





**बहादुरगढ़।** अवैध दुकान लगाने वालों को चेतावनी देते नप कर्मचारी और रेहड़ी वालों का सामान उठाकर ट्राली में डालते नप कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**नगर परिषद अधिकारियों को पिछले कुछ दिनों मिल रही थी अतिक्रमण की शिकायतें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद की टीम ने शुक्रवार को देवीलाल पार्क के नजदीक से अतिक्रमण हटाया। यहां सड़क किनारे अवैध रूप से लगी रेहड़ी और अवैध दुकानें हटाई गई। सड़क पर रखा सामान जब्त किया गया। इस दौरान रेहड़ी वालों में हड़कंप मच गया। अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई के दौरान नप अधिकारियों ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क पर अवैध कब्जा करने पर सख्त कार्रवाई होगी।

दरअसल, नगर परिषद अधिकारियों को पिछले कुछ दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि देवीलाल पार्क के साथ सड़क किनारे कई रेहड़ी लग रही है। अवैध दुकानें भी चल रही हैं। रेहड़ी वाले सड़क पर ही अवैध कब्जा करते हैं। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। साथ ही शाम के समय यहां भारी संख्या में मनचले भी खड़े हो जाते है और वे पार्क में आने वाले लोगों को परेशान करते हैं। लोगों की शिकायतों के मद्देनजर नप के सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा अपनी टीम के साथ शुक्रवार को ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के नजदीक पहुंचे और अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई शुरू कर दी। टीम को देखते ही रेहड़ी संचालक अपना सामान समेटकर मौके से भागने की कोशिश करने लगे। लेकिन टीम में शामिल कर्मचारियों ने कई रेहड़ी संचालकों का सामान जब्त कर लिया। नप अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर भविष्य में यहां अतिक्रमण किया तो उनके चालान भी किए जाएंगे और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कैंप में 106 ने करवाई जांच

■ अनियमित जीवन शैली व उठने बैठने व सोने के गलत तरीके से हड्डी रोग बढ़ रहे : डॉ. हिमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़




**बहादुरगढ़।** कैंप में एक बुजुर्ग की नेत्र जांच करती डॉ. हिमानी। फोटो : हरिभूमि

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में महाराजा अग्रसेन सत्यनारायण गुप्ता हॉस्पिटल के सहयोग से निः शुल्क नेत्र व हड्डी रोग जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 106 लोगों ने आंखों व हड्डी की जांच करवाई। कैंप में लोगों के कैल्शियम स्तर की भी निःशुल्क जांच की गई व मुफ्त में दवाइयां भी दी गई।

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमानी के साथ ही सोनिया, सार्थक और राहुल आदि ने कैंप में आए लोगों की जांच की। उन्होंने बच्चों को संतुलित भोजन खाने और एक्सरसाइज करने की सलाह दी। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ राहुल अहलावत ने हड्डी व जोड़ संबंधी रोगों से बचाव को लेकर सुझाव दिए। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा व प्रबंधन समिति के सदस्यों ने स्मृति चिह्न व पौधा देकर सभी का आभार जताया। उन्होंने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। अनियमित जीवन शैली के साथ ही उठने-बैठने व सोने के गलत तरीके के कारण हड्डी रोग बढ़ रहे हैं। कॉलेज प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने आमजन से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। अपनी दिनचर्या में पौष्टिक आहार, व्यायाम व योग को सम्मिलित करने की सलाह दी। कोषाध्यक्ष शिव नारायण गुप्ता ने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया।

# गांव लडरावन के स्कूल से कंप्यूटर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ लैब से 17 सीपीयू और एलईडी गायब मिले।

चोर लगातार स्कूलों में रखे कंप्यूटर समेत अन्य सामान पर हाथ साफ कर रहे हैं। लेकिन ना तो पुलिस मामले सुलझाने में कामयाब हो रही है और ना ही शिक्षा विभाग चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने में सफल रहा है। इस क्रम में अब लडरावन के राजकीय स्कूल से कंप्यूटर समेत अन्य सामान चोरी हो गया है।

पुलिस को दी शिकायत हिसार निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि वह लडरावन के राजकीय स्कूल में बतौर कंप्यूटर लैब के इंचार्ज कार्यरत है। इस स्कूल में दो कंप्यूटर लैब हैं, एक में 17 कंप्यूटर और दूसरी में 14 कंप्यूटर लगे हैं। वीरवार 25 अप्रैल को छुट्टी होने के बाद वे लैब को सही हालत में छोड़कर गए थे। लेकिन शुक्रवार सुबह स्कूल पहुंचे तो कंप्यूटर लैब के कमरे का ताला टूटा हुआ था। अंदर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने तुरंत प्रिंसिपल रवि धनखड़ को सूचित किया। सबके सामने जांच की तो लैब से 17 सीपीयू और 1 एलईडी गायब मिले। उन्होंने तुरंत 112 नंबर पर कॉल की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 457 व 380 के तहत अभियोग अंकित कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# स्वयंसेवकों ने कैंप में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन

शहर के राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्रिंसिपल सुमन हुड्डा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को आयोजित कैंप में स्वयंसेवकों ने पौधारोपण किया।

एनएसएस प्रभारी जोगेंद्र सिंह और रचना शर्मा ने शिविर में स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उप-प्राचार्य अमित छिकारा, विकास शौकीन, अरुण कुमार, प्रदीप कुमार, अमित कुमार, पूनम और सुनीता भी मौजूद रहे। स्वयंसेवकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई।



# खरहर-सांपला के बीच अवैध शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ खरहर से गढ़ी सांपला रोड पर खेतों में बने कमरे में रखी मिली शराब

आबकारी विभाग की टीम ने खरहर से गांव गढ़ी सांपला के रास्ते में एक खेत में बने कमरे से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। टीम की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम 1914 के अंतर्गत धारा 61/4/20 के तहत अभियोग अंकित किया है।

कार्रवाई के दौरान विभागीय टीम को वहां से 30 बोतल, 72 अद्धे और 261 पव्वे शराब बरामद हुई जबकि 62 बोतल बीयर की मिली। दरअसल, वीरवार शाम को आबकारी निरीक्षक नवीन कुमार अपने स्टाफ सहित सरकारी गाड़ी में चेकिंग पर थे। इस दौरान गांव खरहर से गढ़ी सांपला रोड पर खेतों में बने कमरे में शराब रखी मिली। कमरे में रामनिवास नाम का व्यक्ति मिला। उसके पास इस शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला।

कार्रवाई के दौरान जगाधरी नंबर-वन मार्का के 45 अद्धे, 14 पव्वे के अलावा एक अन्य मार्का के 50 पव्वे बरामद किए। अंग्रेजी शराब की श्रेणी में मैकडॉवल की 11 बोतल, 7 अद्धे और 52 पव्वे मिले। सटर्लिंग की 13 बोतल और 35 पव्वे बरामद किए। रॉयल स्टैग के 28 अद्धे व 44 पव्वे, बॉच की 6 बोतल, व्हाइट ब्ल्यू के 38 पव्वे, ब्लेंडर्स प्राइड के 22 अद्धे, रॉयल स्टैग के 33 पव्वे, गॉल्फर शॉट के 15 अद्धे, रॉयल ग्रीन के 12 पव्वे और ओसी ब्लयू के 47 पव्वे बरामद हुए।

इसके अलावा बडवाइजर की 5, ट्यूबर्ग की 21, किंगफिशर की 18, थंडरबोल्ट की 18 बीयर बरामद हुई। पुलिस ने आबकारी विभाग के निरीक्षक की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

# सप्ताह बाद बस चालक पर हुआ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़




एक सप्ताह पूर्व नाहरा-नाहरी रोड पर बस के दुर्घटना का शिकार होने के मामले में पुलिस ने घायल के बयान के आधार पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव किलोई निवासी योगेश ने बताया कि 18 अप्रैल को वह अपने ताऊ जयपाल के साथ बस में सवार होकर पंजाब खोड (दिल्ली) से मुनीमपुर (झज्जर) बारात में जा रहे थे। चालक बड़ी तेज स्पीड और लापरवाही से बस चला रहा था। दोनों ने ड्राइवर को कई बार टोका भी, लेकिन वह नहीं माना। मुकंदपुर मोड़ के निकट तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गई। योगेश व जयपाल घायल हो गए। रोहतक के एक निजी अस्पताल में जयपाल का उपचार चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है।

## राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में चल रहा कैंप संपन्न



**बहादुरगढ़।** कैंप में आए प्रशिक्षु शिक्षकों के साथ बीईओ मुन्नी देवी। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहा चार दिवसीय प्राइमरी एफएलएन कैंप शुक्रवार को संपन्न हो गया। नोडल अधिकारी डॉ. सुदर्शन पूनिया ने सभी प्राइमरी टीचरों को सर्टिफिकेट दिए। खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य समग्र शिक्षा के अंतर्गत बच्चों में बुनियादी भाषा एवं गणित में कौशल विकास के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित कर कार्य कराना है। इससे बच्चों में कौशल विकास हो सके। प्रशिक्षण में शिक्षकों को सरकार द्वारा क्रियान्वित नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी गई। मूलभूत ज्ञान के तहत हिंदी, अंग्रेजी और गणित में दक्ष बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। बीआरपी अर्चना शर्मा, आशू व समीर ने भी जागरुक किया।



**बहादुरगढ़।** ओमबीर पहलवान को बैज लगाते सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## सीआईएसएफ में कमांडेंट बने ओमबीर पहलवान

**बहादुरगढ़।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में तैनात अंतरराष्ट्रीय पहलवान ओमबीर सिंह को अब डिप्टी कमांडेंट एग्जीक्यूटिव से कमांडेंट के पद पर पदोन्नति मिली है। ओमबीर इस समय राजस्थान के देवली में कार्यरत हैं। सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को उन्हें बैज लगाते हुए पद की शपथ दिलाई। विदित है कि ओमबीर पहलवान बहादुरगढ़ के रहने वाले हैं और इन्होंने 1990 में बीजिंग एशियाई खेलों में देश को रजत पदक दिलाया था।

# राजेंद्र प्रधान व घनश्याम बने महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ गौरी शंकर मंदिर में ब्रह्म समाज सेवा समिति की वार्षिक आम सभा आयोजित हुई

सेक्टर-2 स्थित गौरी शंकर मंदिर में ब्रह्म समाज सेवा समिति की वार्षिक आम सभा आयोजित की गई। इसमें समिति की कार्यकारिणी द्वारा त्याग-पत्र दिए जाने के बाद हरिराम कौशिक की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। राजेंद्र शर्मा को प्रधान व घनश्याम शर्मा को महासचिव बनाया गया। अशोक शर्मा को संरक्षक, नरेश भारद्वाज व प्रदीप कौशिक को सलाहकार, अनिल शर्मा को कोषाध्यक्ष, सुरेश चंद्र गौतम व कृष्ण भारद्वाज को उप प्रधान, सुरेंद्र कौशिक व सुनील पारिक को सचिव बनाया गया है। गोबिंद नारायण पारिक, नरेंद्र मुदगिल, भूपेंद्र वशिष्ट, राकेश वत्स व देवी दत्त गौड़ को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।





## सैनिक स्कूल में क्ले एक्टिविटी

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को सैनिक पब्लिक स्कूल में छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा क्ले एक्टिविटी की गई। विद्यार्थियों ने इसमें बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने क्ले का प्रयोग करते हुए विभिन्न प्रकार की आकृतियां बनाई। इस गतिविधि में कक्षा छठी की आराध्य, सातवीं की लिपिका और आठवीं की दक्षिता को विजेता घोषित किया गया। प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा

# ऑनलाइन हाजिरी को लेकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शुक्रवार को मिड-डे मील वर्कर्स ने लघु सचिवालय पहुंच कर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मिड-डे मील कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के संबंध में डीसी कैप्टन शक्ति सिंह व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन भी सौंपा। मिड डे मील यूनियन की प्रधान सरोज दुजाना कहा कि सरकार और अधिकारी मिड डे मील कर्मचारियों पर ऑनलाइन हाजिरी लगाने का दबाव बना रहे हैं जिसको लेकर आज मिड डे मील कर्मचारी ने विरोध स्वरूप लघु सचिवालय में धरना प्रदर्शन किया है।

### 26 रुपये मासिक वेतन मांगा

उन्होंने जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह और जिला मौलिक शिक्षा विभाग अधिकारी के नाम एक मांग पत्र भी दिया गया है। यदि समय रहते सरकार ऑनलाइन हाजिरी के आदेश को वापस नहीं लेती है तो वे राज्य कमेटी के आह्वान पर सरकार के खिलाफ बड़ा फैसला लेने पर मजबूर होंगे। सरकार मिड डे मील कर्मचारी को सात हजार वेतन देती है लेकिन काम पूरा आठ घंटे करवाती है। वे तभी ऑनलाइन हाजिरी लगाने को तैयार होंगी जब सरकार उनका वेतन बढ़ा कर 26 हजार रुपये मासिक कर देगी।

## कांग्रेस फिर कर रही है जनता को बरगलाने का प्रयासः मनोहर लाल

**झज्जर।** शुक्रवार को पुराना बस स्टैंड परिसर में झज्जर विधानसभा की विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस की हवा निकल चुकी है। जिसका मुख्य कारण प्रत्याशियों की सूची जारी करने में एक से डेढ़ महीने की देरी है। उन्होंने कहा कि अब तक हरियाणा में 35 जनसभाएं कर चुके है और जब तक कांग्रेस संभलेंगी तब तक पूरे 90 हलकों में जन सभाएं भाजपा कर चुकी होगी। उसके बाद केंद्रीय मंत्रियों के कार्यक्रम है। कार्यकर्ता भी पूरी तरह से चार्ज है और साढ़े तीन लाख से अधिक कार्यकर्ता जन संपर्क कर रहे है। उन्होंने कहा कि जनता भी मन बना चुकी है और अबकि बार चार सौ का आंकड़ा पार होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर भी जमकर निशाना साधा और कहा कि राहुल गांधी जिस तरह से पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणियां कर रहे है, उससे साबित होता है कि उनमें संस्कारों की कमी है और संस्कार हमेशा परिवार से ही मिलते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 1970 का चुनाव गरीबी हटाने को लेकर लड़ा, लेकिन सत्ता में आने के बाद गरीबी हटाने के लिए कुछ किया नहीं। अब एक बार फिर गरीबी हटाने की बात कह रहे है। लेकिन सच्चाई यह है कि गरीबी उन्हीं की देन है। वहीं पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा पर भी जमकर बरसे।